आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 06.03.2025
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मुखबा और हर्षिल के दौरे पर।
- उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने सहायक अध्यापक एल.टी के चयनित अभ्यर्थियों को विभागीय नियुक्ति पत्र देने पर रोक लगाई।
- प्रदेश में पंचायती राज विभाग के पुनर्गठन की प्रक्रिया तेज हुई।
- राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रुड़की में दसवां अंतरराष्ट्रीय भूजल सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

प्रधानमंत्री उत्तराखंड भ्रमण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपने एक दिवसीय दौरे पर उत्तरकाशी पहुंच रहे हैं। शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में प्रधानमंत्री की यह यात्रा बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है।
प्रधानमंत्री अपने भ्रमण के दौरान आज मुखवा गांव में मां गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल के दर्शन कर पूजा–अर्चना करेंगे। इसके बाद वे मुखवा व्यू पॉइंट से हिमालय का अवलोकन करेंगे और हर्षिल में उत्तराखंड शीतकालीन पर्यटन प्रदर्शनी का निरीक्षण करेंगे। वे साहसिक खेल गतिविधियों से जुड़ी रैलियों और ट्रैक्स को हरी झंडी दिखाने के साथ ही एक सार्वजनिक कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री की यात्रा को देखते हुए सुरक्षा और प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस दौरे को उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने और शीतकालीन प्रवास स्थलों की राष्ट्रीय पहचान बनाने की दिशा में अहम माना जा रहा है।
वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना कि प्रधानमंत्री की इस यात्रा से अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

पीएम पर्यटन बढ़ावा

शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मुखबा और हर्षिल आ रहे हैं। उत्तरकाशी जिले के ये दोनों स्थान धार्मिक व पर्यटन की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण हैं। वहीं, प्रधानमंत्री के इस दौरे को लेकर पर्यटन की प्रमुख एजेंसी गढ़वाल मंडल विकास निगम– जीएमवीएन भी बेहतरी की उम्मीद संजोए हुए है। उम्मीद की जा रही है कि प्रधानमंत्री के दौरे से न सिर्फ उत्तरकाशी, बल्कि अन्य जगहों पर भी जीएमवीएन की पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा।

<u>नियुक्ति पत्र रोक</u>

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने प्रदेश में करीब 1 हजार 300 सहायक अध्यापक एल.टी के चयनित अभ्यर्थियों को विभागीय नियुक्ति पत्र देने पर फिलहाल रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी की एकलपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को एक सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय में दायर याचिका में कहा गया कि आयोग की ओर से 1 हजार 544 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया था। लिखित परीक्षा के बाद उत्तर कुंजी जारी की गई, कुछ दिन बाद संशोधित उत्तर कुंजी जारी कर दी गई। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि पहली उत्तर कुंजी में उनका जवाब सही था, जबकि संशोधित उत्तर कुंजी में जवाब गलत घोषित कर दिया गया।

<u>मुख्यमंत्री आभार</u>

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा सोनप्रयाग से केदारनाथ और गोविन्दघाट से हेमकुंड साहिब के लिए रोपवे के निर्माण को मंजूरी दिये जाने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोपवे बनने से श्रद्धालुओं को दर्शन में काफी सुगमता होगी।

<u>पंचायत पुनर्गठन</u>

प्रदेश में पंचायती राज विभाग के पुनर्गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। निदेशालय स्तर से गठित समिति जल्द ही इसका ड्राफ्ट प्रस्तुत करेगी। इसके तहत 29 विषयों को पंचायतों को सौंपने की योजना है। साथ ही, पंचायत भवनों के निर्माण के लिए आवंटित धनराशि को 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपए करने का प्रस्ताव मंत्रिमंडल की बैठक में रखा जाएगा। इस संबंध में पंचायती राज मंत्री सतपाल महाराज ने देहरादून में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में लंबे समय से लंबित 29 विषयों को पंचायतों को सौंपने पर चर्चा हुई। निदेशक, पंचायती राज, निधि यादव ने बताया कि एनआईआर सर्वेक्षण दल की रिपोर्ट निदेशालय को प्राप्त हो चुकी है और अब अध्ययन का ड्राफ्ट प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं, सचिव, पंचायती राज, चंद्रेश यादव ने बताया कि विभागीय पुनर्गठन की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है और जल्द इसे पूरा कर लिया जाएगा।

<u>जल शक्ति मंत्री</u>

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर पाटिल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भूजल की उपलब्धता बनाए रखने के लिए अनेक दिशा में काम किया जा रहे है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रुड़की में आयोजित दसवें अंतरराष्ट्रीय भूजल सम्मेलन में उन्होंने कहा कि संस्थान, जलवायु परिवर्तन के कारण भूजल पर पड़ रहे प्रभाव और इसकी सुरक्षा को लेकर व्यापक अनुसंधान कर महत्वपूर्ण सुझाव देता है।

राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान के निदेशक एम.के गोयल ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का भूजल पर पड़ने वाले प्रभाव और भविष्य में इसके लिए उचित प्रबंध करना, सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य है।

विकसित भारत प्रदर्शन

रुड़की के नेहरू स्टेडियम में विकसित भारत–विकसित उत्तराखंड प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी में डीआरडीओ, इसरो, टीएचडीसी, और भारतीय मानक ब्यूरो के साथ ही अन्य केंद्रीय एजेंसियों द्वारा स्टॉल लगाकर विकसित भारत व आत्मनिर्भर हो रहे भारत की उपलिब्धयों के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने प्रदर्शनी में पहुंचकर विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया। विधानसभा अध्यक्ष ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे उत्तराखंड के विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यह प्रदर्शनी नए और आत्मनिर्भर भारत की तस्वीर प्रस्तुत कर रही है। उन्होंने इस आयोजन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग के साथ सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों का दो दिन का सम्मेलन नई दिल्ली में संपन्न हो गया। सम्मेलन के अंतिम दिन, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ, प्रमुख सामग्री की समय पर उपलब्धता के लिए प्रत्येक मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रस्तुत कार्रवाई योग्य बिंदुओं की समीक्षा की। श्री ज्ञानेश कुमार ने कहा कि सभी अधिकारियों को वर्तमान संवैधानिक और कानूनी ढांचे के अनुसार काम करना चाहिए।

एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

केदारनाथ और हेमकुंड रोपवे को केंद्र की मंजूरी की ख़बर लगभग सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में है। हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है– दोनों परियोजनओं पर छह हजार आठ सौ ग्यारह करोड़ रुपए की लागत आयेगी। इसी ख़बर पर अमर उजाला का शीर्षक है– घंटों का सफर मिनटों में, छह साल में तैयार हो जांएगे दोनों प्रोजेक्ट।

शीतकालीन यात्रा को गति देने आज उत्तरकाशी आ रहे पीएम मोदी। इस शीर्षक के साथ दैनिक जागरण लिखता है– गंगा के शीतकालीन प्रवास मुखवा गांव में दर्शन–पूजन के बाद हर्षिल में जनसभा को संबोधित करेंगे प्रधानमंत्री।

एलटी अभ्यर्थियों की नियुक्ति पर रोक की ख़बर हिंदुस्तान समाचार पत्र के पहले पृष्ठ पर है। समाचार पत्र ने लिखा है– दो बार उत्तर कुंजी जारी करने को लेकर दायर की गई है याचिका।

ऋषिकेश के लक्कड़घाट में पचास केएलडी का को–ट्रीटमेंट प्लांट बनेगा। राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र के अनुसार इसी वर्ष के अंत तक यह प्लांट तैयार हो जाएगा, इसके लिये भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।